हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 23 अक्टूबर 2024
[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]



SINCE 1961
JMJ

# जे.महेन्द्रकांत ज्वेलर्स

## मेकिंग चार्ज पर
## 50% तक की छूट*
*शर्तें लागू

SHUBH धनतेरस

**धनतेरस एवं दीपावली की प्री बुकिंग प्रारंभ..**
आज के भाव में बुक करवाएं और बढ़ते भाव की चिंता से मुक्त हो जाएं



इस बार महा शगुन है
**गुरु पुष्य नक्षत्र** का
स्वागत करें समृद्धि का

27 नक्षत्रों में आठवां, पुष्य नक्षत्र जब गुरुवार के दिन आता है तब वह गुरुपुष्य बन सर्वोत्तम हो जाता है।
पुष्य नक्षत्र में खरीदी गयी वस्तुएं स्थाई, सर्वश्रेष्ठ और फलदायी मानी जाती है।
इस शुभ संयोग का लाभ उठाएं।
**गुरु पुष्य नक्षत्र**
गुरुवार, 24 अक्टूबर 2024

**सभी खरीदी पर पाएं एक निश्चित दीपावली उपहार एवं गिफ्ट वाउचर**

**MONTHLY SAVING SCHEME**

| Antique Gold Jewellery | Hallmarked Silver Jewellery | Diamond Jewellery (IGI Certified) | Corporate Gift Items | 100% Return on Hallmark |
|---|---|---|---|---|

# जे.महेन्द्रकांत ज्वेलर्स प्रा.लि.
मेन रोड, गोल बाजार चौक, जगदलपुर फोनः +91 7587037072

## खबर संक्षेप

### बरकई नाला के पास मिला नवजात का शव

फरसगांव। कोंडागांव जिले में मां की ममता को शर्मशार करने की घटना सामने आई है। थाना क्षेत्र के रांधना रोड पर स्तिथ बरकई नाला के पास सोमवार की शाम एक अज्ञात नवजात का शव मिला है।



जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है । घटना की गम्भीरता को देखते हुए सूचना पर तत्काल फरसगांव पुलिस एसडीओपी अनिलकुमार विश्वकर्मा और थाना प्रभारी संजय सिंदे पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुचे । जिसके बाद जांच हेतु कोंडागाँव से जांच टीम को भी बुलाया गया। देखने से नवजात का शव करीब 2-3 दिन पुराना लग रहा है। पंचनामा के बाद नवजात के शव को कब्जे में लेकर पोस्टर्मार्टम हेतु फरसगांव के चीरघर में लाकर रखा गया । मंगलवार को नवजात के शव का पोस्टमार्टम कर जांच हेतु आवश्यक सेम्पल रखा गया है । पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर खोजबीन की जा रही है।

### बीज विक्रेताओ को दिया गया प्रशिक्षण



फरसगांव। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र एनसीआई के साथ साझेदारी में परिकल्पित और निर्मित साथी एक उपयोगकर्ता-उन्मुख केंद्रीकृत पोर्टल है। जिसमें नाभिकीय बीज से लेकर प्रमाणित बीज के उत्पादन प्रमाणीकरण एवं वितरण तथा इन बीजों की ट्रेसेबिलिटी के लिए तैयार किया गया है। जिससे संपूर्ण डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से बीच की गुणवत्ता शुद्धता को बढ़ावा देना सुनिश्चित किया जा सके। 22 अक्टूबर मंगलवार को वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय फरसगांव में विकासखंड के समस्त बीज विक्रेताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था । जिसमें उन्हें इस पोर्टल का महत्व और इस पोर्टल के माध्यम से बीज विक्रय कैसे किया जाना है के संदर्भ में प्रशिक्षण दिया गया । इस मौके पर 30 बीज विक्रेता, जिला स्तर से आए हुए सहायक संचालक कृषि चंद्रशेखर कश्यप द्वारा मास्टर ट्रेनर के रूप में सभी को प्रशिक्षण दिया गया।

# केशकाल घाट के उन्नयन का कार्य शुरू, भारी वाहन प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

सोमवार से केशकाल घाट के उन्नयन का कार्य शुरू कर दिया गया है। जिसमें प्रारंभिक स्तर पर डस्ट सफाई, डब्ल्यूएमएम पेच एवं बीटी पेच मरम्मत का कार्य किया जा रहा है इसके लिए आज 21 अक्टूबर से आगामी दिनांक 27 अक्टूबर तक के लिए केशकाल घाट में भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। छोटी चारपहिया एवं यात्री बसें केशकाल घाट से होते हुए जाएंगी। वहीं मरम्मत अवधि में भारी मालवाहक वाहनों के लिए परिवर्तित मार्ग निर्धारित किया गया है। इसके प्रचार प्रसार हेतु सोशल मीडिया एवं बैनर पोस्टर का उपयोग भी किया गया है। जिसके तहत प्रशासन द्वारा नगर एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के प्रमुख स्थानों पर फ्लैक्स लगाकर उसमें डायवर्टेड सड़कों का उल्लेख किया गया है। इसके अलावा कलेक्टर के निर्देशानुसार केशकाल एसडीएम अंकित चौहान व एसडीओपी भूपत सिंह लगातार क्षेत्र का दौरा कर घाट मरम्मत एवं परिवर्तित मार्गों का निरीक्षण कर रहे हैं। आवश्यकतानुसार पुलिस बल भी तैनात किए गए हैं। उपरोक्त जानकारी विकास बघेल थाना प्रभारी केशकाल द्वारा जारी जानकारी मै दी है उन्होंने आगे जानकारी मै बताया की ताकि आम जनता को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## प्रारंभिक स्तर पर डस्ट सफाई, डब्ल्यूएमएम पेंच एवं बीटी पेंच मरम्मत



### भारी मालवाहक वाहनों के लिये परिवर्तित मार्ग

- जगदलपुर से आने वाले भारी वाहनों के लिए कोण्डागांव, केशकाल, विश्रामपुरी होते हुए मचली, दुधावा, कांकेर, चारामा, धमतरी और रायपुर की ओर जाएंगी।
- दल्लीराजहरा (बालोद) राजनांदगांव जाने वाले भारी मालवाहक वाहनों के लिए कोण्डागांव, बेड़मा, धनोरा, आमाबेड़ा, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, दल्लीराजहरा और राजनांदगांव के लिए जाएंगी।
- रायपुर की ओर से आने वाले भारी वाहन धमतरी से चारामा, कांकेर, दुधावा, मचली, विश्रामपुरी, केशकाल होते हुए कोण्डागांव से जगदलपुर जा सकेंगे।

आयोजन : कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में दिए निर्देश

# धान खरीदी के लिए बनाएं समुचित व्यवस्था कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय–सीमा की बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। साथ ही समय–सीमा में विभागवार लंबित विभिन्न प्रकरणों एवं आवेदनों पर कार्रवाई की जानकारी लेते हुए शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने धान खरीदी लिए के आवश्यक तैयारियों के संबंध में दिशा–निर्देश देते हुए कहा कि किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए धान खरीदी केन्द्रों में सभी आवश्यक तैयारी रखें। धान खरीदी कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर श्री दुदावत ने आज समय–सीमा की बैठक में जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों में खरीदी कार्य के लिए उपयुक्त की जांच कर सत्यापन करने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने इलेक्ट्रानिक तौल यंत्र, माउस्चर मीटर और बारदाने के समुचित व्यवस्था के संबंध में भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मंडी निरीक्षकों को भी धान खरीदी के दौरान पूरी सक्रियता के साथ कार्य करते हुए निगरानी रखने के निर्देश दिए।

> ■ विभिन्न निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की



### नोडल अधिकारी उपलब्ध सुविधाओं का लें जायजा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में धान खरीदी केन्द्रों के नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर शासन द्वारा धान खरीदी के संबंध में जारी दिशा–निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को खरीदी केन्द्रों में निर्धारित विभिन्न बिन्दुओं पर निरीक्षण कर प्रतिवेदन 30 अक्टूबर तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेने कहा है। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी का कार्य 14 नवंबर से प्रारंभ होगा। इस कार्य को व्यवस्थित एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराना है। इस दौरान किसानों की सुविधाओं का भी ध्यान रखना है। उन्होंने कहा कि उत्पादन से अधिक धान की बिक्री, धान की अवैध बिक्री सहित सभी प्रकार के संदिग्ध गतिविधियों पर भी कड़ी नजर रखें। इस दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, खाद्य अधिकारी, डीएमओ, सहकारिता विभाग के अधिकारी सहित सभी खरीदी केन्द्रों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने बैठक में राशनकार्डधारियों और उनके सदस्यों के ईकेवायसी कार्य की जानकारी लेते हुए कार्य में प्रगति लाने और पंजीकृत श्रमिकों में से शेष श्रमिकों का राशन कार्ड बनाने के निर्देश श्रम अधिकारी को दिए।

कलेक्टर ने बस्तर ओलंपिक के पंजीयन की जानकारी लेते हुए कहा कि जिले में पंजीयन में प्रगति आई है। पंजीयन की तिथि में 25 अक्टूबर तक वृद्धि हुई है। उन्होंने पंजीयन में और प्रगति लाने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। साथ ही जिले में बस्तर ओलंपिक के आयोजन के लिए मैदानों का चिन्हांकित कर सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य में तेजी लाने और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नये स्वीकृत आवास निर्माण में प्रगति लाने सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत अपूर्ण निर्माण कार्यों के प्रगति में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# 188 बटालियन सीआरपीएफ ने पुलिस स्मृति दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

188 बटालियन केरपिुबल ने 21 अक्टूबर को मुख्यालय कैम्प परिसर में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। कमांडेंट भवेश चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम द्वितीय कमान अधिकारी अभिज्ञान कुमार द्वारा सभी जवानों को पुलिस स्मृति दिवस के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि देश के लिए शहीद हुए पुलिस कर्मियों को याद करने तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल उपलब्धियों की गाथाओं से भरी हुई है। ये वो गाथाएं हैं, जो हमें बताती है कि किस तरह मौका आने पर हमारे वीर जवान अपनी मातृभूमि की रक्षा करने के लिए अपनी जान पर खेल गए। उनके अदम्य साहस से भरी, इन बलिदान गाथाओं ने देश के हर हिस्से में इतिहास रचा है। बलिदान की यह परम्परा 21 अक्तूबर 1959 को हिमालय की दुर्गम हॉट स्प्रिंग्स से शुरू हुई थी। समुद्रतल से 18 हजार फीट की ऊँचाई पर लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में 21 अक्तूबर 1959 को पुलिस उप अधीक्षक, करम सिंह के नेतृत्व में हमारे 21 जवान इस वीरान व दुर्गम जगह पर पेट्रोलिंग ड्यूटी पर थे। तभी चीनी सैनिकों ने अपने स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी करते हुए गश्त कर रहे दल पर हमला बोल दिया। हॉट स्प्रिंग्स एक ऐसी जगह है, जहां पर तापमान –47 डिग्री से भी नीचे चला जाता है। यहां पहुंचने के लिए पुलिस दल को 5 दिनों तक लेह में रूकना पड़ता है, ताकि वे अपने को वहां के वातावरण के अनुकूल ढाल सकें। इन कठिन परिस्थितियों के बावजूद केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की इस कर्मठ गश्ती दल ने अपने से कई गुना संख्या वाले उन्नत हथियारों से लैस व प्रशिक्षण प्राप्त चीनी फौज का डटकर मुकाबला किया।

> ■ शहीदों के परिवारों की कुशलता की कामना की गई




### समर्पित रहने के लिए किया प्रेरित

पुलिस स्मृति दिवस पर द्वितीय कमान अधिकारी अभिज्ञान कुमार ने 01.09.2023 से अभी तक शहीद हुए सभी पुलिस बलिदानियों को याद किया। उनके परिवारों की कुशलता की कामना करते हुए सभी जवानों को हमेशा कर्मठ एवं बल के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात सभी अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने शहीद जवानों को श्रध्दांजलि अर्पित की गई। गार्ड द्वारा सलामी दी गई एवं मौन धारण किया गया। कार्यक्रम के दौरान द्वितीय कमान अधिकारी अभिज्ञान कुमार, उप कमांडेंट कमल सिंह मीणा, चिकित्सा अधिकारी राहुल चन्द्रन एवं सहायक कमांडेंट ओमप्रकाश बिश्नोई के साथ अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

# जैतपुरी विद्यालय में पूर्व छात्र शहीद गणेशराम के बलिदान को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतपुरी में सोमवार को पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शहीद गणेश राम नेताम को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहीद गणेश राम नेताम जैतपुरी विद्यालय के पूर्व छात्र थे और छत्तीसगढ़ पुलिस के विभिन्न नक्सल विरोधी अभियानों में शामिल हुए थे। चुनाव ड्यूटी से लौटते समय पोलिंग पार्टी पर नक्सलियों द्वारा किए गए बम विस्फोट में वे शहीद हो गए थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम जैतपुरी की सरपंच फूलमती नेताम ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य राजकुमार रामटेके ने की। उन्होंने कहा कि शहीद गणेश राम हमारे विद्यालय के छात्र रहे हैं। गणेशराम अपना कर्तव्य निभाते हुए शहीद हो गए। व्याख्याता ब्रजेश तिवारी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए शहीद गणेश का सारगर्भित जीवन परिचय प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक, शिक्षिका और स्कूली बच्चे ने श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी शहादत को नमन किया।




# आपरेशन करके डॉक्टरों ने गाय बछिया की बचा ली जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

डाक्टरों की सजगता व अच्छे इलाज के कारण ग्राम बीजापुर में एक गाय व उसके बछिया की जान बच गई। जानकारी के अनुसार जिले के माकड़ी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम बीजापुर में 14 अक्टूबर को पशुपालक राजेश कुमार भारद्वाज की गाय गंभीर स्थिति में थी। गाय का बच्चा मरोड़ के कारण गर्भाशय में फंस गया था। जिससे गाय और बछिया दोनों की जान खतरे में थी। पशुपालक की सूचना पर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस मरकाम और उनकी टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर उपचार शुरू किया। डॉक्टरों की टीम ने कई बार प्रयास किया ताकि गर्भाशय मरोड़ को ठीक कर बछिया को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके। प्रारंभिक प्रयासों में सफलता नहीं मिलने के बाद विशेषज्ञों ने शल्य चिकित्सा का निर्णय लिया। टीम ने सर्जरी की, जिससे न सिर्फ बछिया को सफलतापूर्वक बाहर निकाला गया बल्कि गाय की भी जान बचाई जा सकी। गाय और बछिया दोनों आज स्वस्थ हैं और पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं।



# शहीदों को किया नमन, दो मिनट का मौन रखकर दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विकास नगर स्टेडियम में 21 अक्टूबर को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के पदाधिकारी, निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवक एवं युवतियों ने पुलिस स्मृति दिवस पर वीर शहीद जवानों की शहादत को नमन किया। इसके बाद 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। सभी ने शहीद अमर रहे के नारे लगाये। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के जिलाध्यक्ष सूरज यादव ने युवाओं को बताया कि पुलिस स्मृति दिवस हर साल 21 अक्टूबर को पूरे देश में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य उन पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करना है, जिन्होंने देश की सुरक्षा, कानून और व्यवस्था बनाए रखने के दौरान अपनी जान गंवाई। यह एक ऐसा अवसर है जब देश उन वीर जवानों को याद करता है, जिन्होंने अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के जिलाध्यक्ष सूरज यादव, सचिव उमेश साहू, उपाध्यक्ष अजनेर लकड़ा, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, पूर्व सैनिक ढालेश साहू, सेवारत सैनिक टंकेश्वर सेन, सेवारत सैनिक हरीश कोर्राम और निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 250 युवक एवं युवतियां उपस्थित रहे।




## पेज 11 के शेष

### सुकमा के मारेंगा में....

पास्टर ईश्वर नाग परिवार समेत मूल समाज को छोड़कर ईसाई धर्म में शामिल हो गया था और पिछले दो दशक से बतौर पास्टर मारेंगा में कार्यरत था। पास्टर की मौत के बाद सुकमा जिले के मारेंगा के ग्राम प्रमुखों व सरपंच ने गांव में ईसाई धर्म का मरघट नहीं होने से शव को दफनाने से मना कर दिया, जिसके बाद उनके शव को दरभा थाना क्षेत्र के छिंदावाड़ा में लाकर सोमवार को रामपारा स्थित श्मशान में दफन कर दिया गया। इसका पता लगने के बाद ग्राम प्रमुखों ने मृतक के शव को रामपाल श्मशान घाट में नहीं दफनाने कहा लेकिन दूसरे पक्ष में शामिल पीलूराम नाग, जलदेव, दीपक, सामदास, बली नाग, धनी, रामधर नाग, धनसिंग आदि के द्वारा जबरन शव को दफना दिया गया और गांव के लोगों को जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद ग्राम प्रमुखों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर पांच दिवस के अंदर श्मशान से शव को निकालकर ईसाई कब्रिस्तान में ले जाने जाकर दफनाने की मांग की है। वहीं ग्राम प्रमुखों ने चेतावनी दी है कि पांच दिन के भीतर शव नहीं ले जाने पर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

24 घंटे हो रही पेट्रोलिंगः डीआरजी के दर्जनों जवानों के अलावा दरभा थाने की फोर्स लगातार इलाके में पेट्रोलिंग कर रही है। वहीं जिस जगह शव को दफन किया गया है, वहां भी जवानों की तैनाती कर दी गई है। पांच दिन के अल्टीमेटम को देखते हुए वर्तमान में स्थिति सामान्य नजर आ रही है, लेकिन इसके बाद कभी भी उग्र आंदोलन की संभावना बनी हुई है। फोर्स की तैनाती छिंदावाड़ा गांव के भीतर व बाहरी क्षेत्रों में भी की गई है।

### दस्तावेज लेखक...

संघ के प्रतिनिधि मंडल को सम्मान पूर्वक वार्ता के लिए आंमत्रित किया था। समस्यों को 15 दिवस के अंदर पूरा किए जाने का आश्वासन दिया गया था, पर एक माह बीत जाने पर भी अवगत नहीं कराया, जिसके लिए जानकारी के लिए 10 अक्टूबर को पत्र लिखा जिसका कोई जवाब नहीं आया। इसी बीच नए नए योजनाओं आईटी साल्यूशन, एनजीडीआरएस, ई-स्टाम्प को लागू कर दिया गया है। एक नई योजना सुगम एप को लागू कर दिया गया है, जो एक पारदर्शिता के नाम पर आम व्यक्ति द्वारा घर बैठे रजिस्ट्री करा सकने का प्रचार किया जा रहा है।

### धान खरीदी से ....

को मिलने वाली राशि जो लाखों में है उसका भुगतान करने की मांग रखी। साथ ही लंबे समय से काम कर रहे कर्मियों को नियमित करने और सरकारी कर्मचारियों की तरह सभी तरह की सुविधाएं देने की मांग की गई।

### आयुष्मान कार्ड सहित ....

विभाग, संचालक स्वास्थ्य सेवाएं और मिशन संचालक के नाम से प्रांत और जिला स्तरीय ज्ञापन कार्यक्रम द्वारा समस्त सीएमएचओ के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया था। संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश जायसवाल और आईटी सेल प्रभारी सुरेश पटेल ने कहा कि स्वास्थ्य संयोजकों के पास पूर्व से ही अनेक राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम है, जिसके कारण समय का अभाव है।

### धान संग्रहण केंद्रों ...

का बंदरबांट किया गया है। कुछ दिन पश्चात नए धान की खरीदी होनी है इससे पहले संग्रहीत धान को राइस मिलर्स को देकर मिलिंग करवाना होता है। उसकी भी जवाबदारी तय होकर संबंधित से वसूली एवं एफआईआर होनी चाहिए।

ये रहे मौजूदः इस दौरान उपनेता प्रतिपक्ष राजेश राय, प्रशांत जैन, लता निषाद, रविशंकर तिवारी, जाहिद हुसैन, अल्ताफ उल्ला खान, महेश दिवेदी, विजेंद्र ठाकुर, संदीप दास, ज्योति राव, उस्मान रजा मौजूद थे।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹ 60,000 ₹ 90,000 ₹ 1,50,000
/KitchenGalaxyNXModular
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
बुकिंग प्रारंभ
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

अब एडवांस बुकिंग पर पाएं BLUETOOTH SPEAKER & SMARTWATCH
और उसी के साथ मेगा लक्की ड्रॉ में भाग लेने का मौका!
ग्रह कोई भी, ग्राहकों की पसंद Activa
HONDA
Scooter bole toh ACTIVA
मेगा लक्की ड्रॉ उपहार
प्रथम पुरस्कार 43" TV, MIXI & DINNER SET
द्वितीय पुरस्कार Samsung A Series Smartphone
तृतीय पुरस्कार Double Door Fridge
Lucky Draw Dates 01.12.2024 SUNDAY
नियम एवं शर्तें लागू*
दंतेश्वरी होंडा (होंडा एक्सक्लूसिव अधिकृत विक्रेता)
मेन रोड-कोंडागांव एवं बनियागांव
मो. 9294566660, 8517909999, 8770249067

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 23 अक्टूबर 2024

10 धान खरीदी के लिए बनाएं समुचित व्यवस्था कार्य में ...


12 पीएमश्री विद्यालयों में हुई जिला स्तरीय बौद्धिक ...


बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर


## पर्यटकों को वापस जाना पड़ा व कोटमसर गुफा फिसलन के कारण फिर से बंद

### चक्रवात के कारण बारिश से कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान खोलने का निर्णय स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के कोटमसर गुफा को 22 अक्टूबर से शुरू किया जाएगा, जहां पर्यटक आसानी से देख पाएंगे। इस पर मंगलवार को कुछ पर्यटक पहुंचे पर गुफा बंद होने से बैरंग वापस जाना पड़ा। बताया जा रहा है कि हाल ही में चक्रवात के चलते भारी बारिश हुई है, जिसके परिणाम स्वरूप कोटमसर गुफा के अंदर फिर से कीचड़ जमा हो गया है।बारिश के कारण फिर से कोटमसर गुफा को बंद कर दिया गया है। विदित हो कि उद्यान द्वारा वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए पर्यटकों की सुरक्षा हेतु 26 जून से 31 अक्टूबर तक कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान अंतर्गत आने वाले गुफा स्थल कोटमसर गुफा, कैलाश गुफा एवं अन्य सभी गुफा स्थलों को कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान सहायक वन संरक्षक द्वारा जारी सूचना के तहत आगामी आदेश तक पर्यटन प्रयोजन हेतु निषेध था पर फिसलन के चलते अब तक बंद किया गया है।

पर्यटकों की सुरक्षा के मद्देनजर 26 जून से है बंद



#### खोलने की तिथि आगे बढ़ेगी

राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक चूड़ामणि सिंह ने कहा कि पर्यटकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। गुफा में फिसलन होने के कारण वहां पर्यटकों के लिए खतरा है। स्थिति सामान्य होने पर और गुफा सुरक्षित होने पर शीघ्र ही पर्यटक गुफा देखने एवं जिप्सी सफारी का आनंद ले पाएंगे।

### विवाद : पास्टर की मौत के बाद छिन्दावाड़ा में बवाल, गांव छावनी में तब्दील

## सुकमा के मारेंगा में पास्टर की मौत के बाद बिना अनुमति के दरभा के छिन्दावाड़ा में शव दफन करने से ग्रामीणों में रोष

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के तोंगपाल थाना क्षेत्र के मारेंगा निवासी पास्टर की मौत के बाद शव को दफनाने से मना करने के बाद परिजनों ने बस्तर जिले के दरभा थाना क्षेत्र के छिंदावाड़ा पंचायत में बिना ग्राम प्रमुखों की सहमति के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इसका पता लगते ही क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी रोष है। ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए भारी संख्या में जवानों की तैनाती की गई है। वहीं ग्राम प्रमुखों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर पांच दिवस के अंदर गांव की सीमा से शव को हटाने अल्टीमेटम जारी किया है। जानकारी के मुताबिक पास्टर ईश्वर नाग (55) का निधन 18 अक्टूबर को सुकमा जिले के ग्राम मारेंगा तहसील तोंगपाल में हुआ था। लगभग तीन दशक पूर्व ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ माहरा समाज के श्मशान में दफन शव की सुरक्षा में जवान तैनात

अलग खबर







#### शांति व्यवस्था बनाए रखने दोनों पक्षों से हो रही चर्चा

छिंदावाड़ा के ग्राम प्रमुखों द्वारा पांच दिन के भीतर शव को गांव की सीमा से हटाने की मांग करते हुए ज्ञापन दिया गया है। शांति व्यवस्था व मामले के समाधान के लिए दोनों पक्षों से चर्चा की जा रही है। एहतियातन गांव में फोर्स की तैनाती कर पेट्रोलिंग की जा रही है।

- शलभ कुमार सिन्हा, एसपी, बस्तर

#### अवैध चर्चों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

छिन्दावाड़ा के पुजारी सुदर्शन बघेल, सोनधर नाग, जनपद उपाध्यक्ष अनंत कश्यप, सरपंच सुकी नाग, मोती कुंजाम, उपसरपंच रामेश्वर नाग व सोनारू नाग के अलावा सुखराम कश्यप, देवीसिंह बघेल, शंकर कश्यप, बुधराम कश्यप, फूलसिंह ठाकुर, डुंडूल नाग, बबलू नाग व ग्राम प्रमुखों ने प्रशासन को दिए ज्ञापन में मांग की है कि छिन्दावाड़ा की सीमा में रहने वाले धर्मान्तरित क्रिश्चयन परिवार की संख्या की जानकारी दी जाए। इसके अलावा छिंदावाड़ा की सीमा में प्रार्थना व धर्म का प्रचार प्रसार नहीं करने तथा जिन जमीनों पर चर्च भवन बना हुआ है, क्या उसकी ग्राम सभा से अनुमति लिया गया है तो उसकी छाया प्रति ग्राम सभा को प्रस्तुत करें। इसके अलावा अवैध पाए गए चार चर्च भवन के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने की मांग की गई है।

## दस्तावेज लेखक जनकल्याण संघ अनिश्चित कालीन हड़ताल पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दस्तावेज लेखक जन कल्याण संघ मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। संघ शहर के पुराने कृषि उपज मंडी परिसर में शासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। दस्तावेज स्टाम्प संघ जगदलपुर के तहसील अध्यक्ष सतीश झा ने बताया कि प्रदेशभर के पंजीयन कार्यालय में वर्षों से अवैतनिक सेवा देने वाले दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प विक्रेता द्वारा अपनी कुछ जायज मांगों के पूरा किए जाने के लिए शासन का ध्यान आकृष्ट करने बाबत विभिन्न चरणों में अपना मांग पत्र सौंपा गया है। दस्तावेज लेखकों और स्टाम्प विक्रेता द्वारा अपने प्रदेश संघ के माध्यम से एक दिवसीय कलम बंद हडताल किए तत्पश्चात एक सप्ताह काली पटटी लगाकर विरोध स्वरूप कार्य किए। इस पर 18,19, 20 सितम्बर को तीन दिवसीय हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया जाकर पुनः ज्ञापन दिया गया था। जिस पर महानिरीक्षक पंजीयन द्वारा ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ आंदोलनकारी कर रहे जमकर नारेबाजी

#### हमको बेरोजगार करने का हो रहा उपक्रम

इससे दस्तावेज लेखकों और स्टाम्प विक्रेताओं को बेरोजगार करने का उपक्रम प्रतीत हो रहा है। इसलिये शासन से अपनी आजीविका की सुरक्षा की गारंटी के साथ पूर्व में दिए गए ज्ञापन में दर्शित विभिन्न मांग के साथ समस्त दस्तावेज लेखकों एंव स्टाम्प विक्रेताओं को पंजीयन विभाग में समायोजित किए जाने की मांग करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य है।

### खबर संक्षेप



#### अस्थाई दखल शुल्क नाके के ठेकेदार का टेंडर निरस्त

किरंदुल। नगर पालिका किरंदुल के अस्थाई दखल शुल्क वसूली 1 अगस्त 2024 से 31 मार्च 2025 तक नगर पालिका के नियम एवं शर्तों के अनुसार दिया गया था। जिसमें नगरपालिका के निर्धारित 50 रुपया प्रति माल वाहक वाहन से लिया जाना है और नगर पालिका द्वारा ही दखल शुल्क की पर्ची आवंटित की जाती है। परंतु अस्थाई दखल शुल्क नाके के ठेकेदार द्वारा 50 रुपया की पर्ची की जगह 500 रुपया की पर्ची काटी जा रही थी। बैलाडीला ट्रक ओनर एसोसिएशन के पदाधिकारी के साथ पीड़ित ट्रक मालिक सदस्यों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को इसकी शिकायत कर ज्ञापन सौंपा। जिसके बाद नगर पालिका अधिकारी ने जांच कर शिकायत सही पाए जाने पर अस्थाई दखल शुल्क के टेंडर को निरस्त कर दिया है।

#### धर्मांतरण रोकना सर्वोपरि इसलिए विरोध के लिए हरेक कार्यकर्ता रहे तैयार



जगदलपुर। बस्तर में जीजस कॉल्स ग्लोबल मिनिस्ट्रीज मिशनरी की सभा के विरोध में प्रदेश व्यापी आंदोलन की तैयारी में विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष शिशुपाल सिंह राजपूत बस्तर दौरे में हैं। दो दिन से जगदलपुर में पदाधिकारियों से वे चर्चा कर रहे हैं। जिले की जो मंशा है उसे वो संगठन से चर्चा कर रूपरेखा तय करने की बात कही है। उनका कहना था कि धर्मांतरण के मुद्दे पर किसी भी प्रकार से समझौता नहीं किया जा सकता है। विश्व हिंदू परिषद जिन मुद्दे को लेकर स्थापित किया गया था उनमें धर्मांतरण रोकना सर्वोपरि है और यह अनवरत जारी रहेगा। राष्ट्र विरोधी शक्तियों का विरोध ही नहीं उनको रोकने के लिए विश्व हिंदू परिषद का प्रत्येक कार्यकर्ता तैयार है। ऐसा प्रतीत होता है कि परिषद इस पर भविष्य में आर पार की लड़ाई मान कर चल रहा है। हो सकता है कि बस्तर प्रदेश व्यापी आंदोलन के लिए तैयार हो रहा है। शासन प्रशासन को इसे गंभीरता से लेना चाहिए।

#### वॉलीबाल के लिए नेशनल खेल में रौशन का चयन

जगदलपुर। राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता रायगढ़ में शहर के रौशन नाग का चयन वॉलीबाल में स्कूल नेशनल्स के लिए छत्तीसगढ़ टीम में हुआ है। रौशन आड़ावाल हाईस्कूल में अध्ययनरत है तथा इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में अभ्यास करते हैं। वे नवंबर माह में तेलंगाना में होने वाले नेशनल स्कूल गेम्स में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।



#### स्कूलों में रहेगी तालाबंदी कल





जगदलपुर। छत्तीसगढ़ शिक्षक मोर्चा के प्रांतीय आव्हान पर बस्तर जिले के हजारों शिक्षक 24 अक्टूबर को सामूहिक अवकाश पर रहकर धरना प्रदर्शन में शहर के मंडी प्रांगण में बैठेंगे। साथ ही रैली निकाल कर एलबी संवर्ग के शिक्षकों की पूर्व सेवा गणना सहित पांच सूत्रीय मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जायेगा। मोर्चा के प्रदेश सह संयोजक प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि एलबी संवर्ग के शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना आवश्यक है। गणना होने से शिक्षकों के वेतन विसंगति, क्रमोन्नति, पदोन्नति, प्रथम नियुक्ति तिथि से पुरानी पेंशन, 20 वर्ष की सेवा में पूर्ण पेंशन की मांग पूरी होगी। संयोजक राजेश गुप्ता ने बताया कि जिले में अब तक हजारों शिक्षकों ने मोर्चा के आव्हान पर 24 अक्टूबर को हो रहे आंदोलन में सम्मिलित होने के लिए सामूहिक अवकाश का आवेदन दे दिया है।



## धान खरीदी से पहले लेम्पस कर्मियों ने मांगों को पूरा कराने भरी हुंकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला सहकारी कर्मचारी संघ के कर्मचारियों ने शहर के कृषि उपज मंडी प्रांगण में दो दिन तक धरना प्रदर्शन कर मांगों को पूरा करने के लिए शासन और जिला प्रशासन के समक्ष ताकत दिखाई। सोमवार और मंगलवार को पूरे जिले के लेम्पस सोसायटियों में तालाबंदी रही। सारे लोग अवकाश लेकर धरना देने शहर आए थे। लेम्पस प्रबंधक से लेकर अन्य कर्मचारियों ने धान खरीदी के पहले सरकार के समक्ष हुंकार भरी। शहर में रैली निकालकर एसडीएम को ज्ञापन दिया गया। उन्होंने समितियों ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ धरना- प्रदर्शन के बाद शहर में निकाली रैली

#### सुविधाओं के अभाव से परेशानी

आंदोलनकारियों का कहना है कि धान खरीदी के अलावा ऋण और खाद-बीज वितरण समेत ऋण की वसूली और अन्य कार्य सालभर चलते रहता है। बावजूद वेतन और अन्य सुविधाओं के अभाव के चलते परिवार को परेशानी होती है। शासन-प्रशासन से जल्द मांगों को पूरा करने की मांग की गई। धरना-प्रदर्शन और रैली में पूरे जिले से बड़ी संख्या में सहकारी समितियों के कर्मचारी और सदस्य शामिल हुए।



## आयुष्मान कार्ड सहित अन्य ऑनलाइन डाटा एंट्री हुई बंद

जगदलपुर। उप स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों द्वारा गैर क्लिनिकल, गैर नर्सिंग कार्य ऑनलाइन डाटा एंट्री बंद करने का ऐलान कर दिया था, जिससे मंगलवार से एंट्री बंद है। इससे आयुष्मान कार्डधारी परेशान रहे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष टार्जन गुप्ता और प्रदेश सचिव प्रवीण ढीडवंशी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में आरएचओ द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का संपादन किया जाता है, लेकिन विभाग द्वारा ऑनलाइन डाटा एंट्री का कार्य भी इनसे करवाया जाता था। डाटा एंट्री कार्य गैर क्लिनिकल और गैर नर्सिंग कार्य है और इसके लिए विभाग में पीएडीए, डाटा एंट्री ऑपरेटर की भर्ती की गई है। इसके संबंध में कर्मचारियों द्वारा डाटा एंट्री करने में असमर्थता जाहिर करते हुए संघ के माध्यम से अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ▶▶| शेष पेज 10 पर

## धान संग्रहण केंद्रों में घोटाले की जांच करने कमिश्नर को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य सहित पार्टी पदाधिकारियों ने धान संग्रहण केंद्रों में हुए घोटाले की जांच करवाकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग करते कमिश्नर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। शहर अध्यक्ष ने बताया कि बस्तर स्थित 2 धान संग्रहण केन्द्र बिरिंगपाल और नियानार में उपार्जन वर्ष 2023-24 का धान की खरीदी केन्द्रो से जिले एवं आसपास के जिलों से प्राप्त धान को संग्रहित किया जाता है। बिरिंगपाल आवक बोरा 1163585 जावक बोरा 85902 शेष बोरा 1077683 क्विंटल 431065 है। वही नियानार में आवक बोरा 805963 जावक बोरा 611033 शेष बोरा 194930 क्विंटल 77972 है।

■ कांग्रेसियों ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



दोनों संग्रहण केंद्रो में दस्तावेज के आधार पर धान की उपलब्धता नहीं हैं। क्योंकि अधिक मात्रा में घोटाला कर धान को नष्ट एवं चोरी किया जा चुका है। जिसका भौतिक सत्यापन उच्च स्तरीय जांच समिति से करवाया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा संग्रहण केन्द्रों में मजदूरों से प्लास्टिक बोरा में भूसा भरकर धान सुरक्षित रखने के लिए स्टैग लगवाने का कार्य किया जाता है। जिससे भी बड़े पैमाने पर फर्जी बिल एवं मस्टरोल से शासकीय पैसों ▶▶| शेष पेज 10 पर



## बाह्य स्रोत कर्मियों ने 24 से काम बंद करने की दी चेतावनी

जगदलपुर। शहर जोन में कार्यरत बाह्य स्रोत कर्मचारियों को पिछले 3 माह से वेतन नहीं मिलने से सभी कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है। कर्मचारियों द्वारा एई, डीई को हर माह वेतन संबंधी बात पूछने पर टाइम टू टाइम दिया जा रहा है, पर अभी तक कोई वेतन भुगतान नहीं हो पा रहा है। दीपावली त्योहार के मद्देनजर रखते हुए हम सभी बाह्य स्रोत कर्मचारियों को 3 माह का वेतन दिलाने की मांग की गई। शहर जोन में उपस्थित बाह्यस्रोत कर्मचारियों को 23 अक्टूबर तक वेतन भुगतान नहीं हो पाने से 24 अक्टूबर से सामूहिक रूप से कार्य बंद रहने की चेतावनी दी। उनकी मांगों का ठेकेदार एवं विद्युत कंपनी के उच्च अधिकारियों का ध्यान नहीं है। विद्युत कंपनी जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता एसएस पांडव ने बताया कि बाह्य स्रोत कर्मचारियों को समझाइश दी गई कि दीपावली से पूर्व लंबित वेतन का भुगतान किया जाएगा।

### तटीय इलाके में कहर बरपाने के साथ बस्तर में रहेगा तूफान का प्रभाव


## ओडिशा के पुरी समुद्र तट से 24 अक्टूबर को टकराएगा दाना तूफान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के वैज्ञानिकों को सेटेलाइट से मिले संकेतों के आधार पर 24 अक्टूबर को ओडिशा के पुरी समुद्र तट पर समुद्री तूफान टकराने का पूर्वानुमान है। इस तूफान का असर ओडिशा के पड़ोसी प्रांत छत्तीसगढ़ के बस्तर में रहने की संभावना व्यक्त की गई है।

■ 25 अक्टूबर के सुबह प्रबल चक्रवात के रूप में तट पार करने की संभावना

मौसम वैज्ञानिक एचपी चन्द्रा के मुताबिक एक चिन्हित निम्न दाब का क्षेत्र पूर्व मध्य बंगाल के खाड़ी के ऊपर में स्थित था, जो पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर आगे बढ़ते हुए अवदाब के रूप में आज सुबह 5.30 बजे बन गया है। यह पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए और अधिक प्रबल होकर 23 अक्टूबर को एक चक्रवात तूफान दाना के रूप में मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर बनने की संभावना है। इसके बाद लगातार उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए और अधिक प्रबल होकर प्रबल चक्रवात दाना के रूप में उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर 24 अक्टूबर के सुबह बनने की संभावना है। यह उत्तर ओडिशा और पश्चिम बंगाल के ऊपर पुरी और सागर द्वीप के पास 24 अक्टूबर के रात्रि और 25 अक्टूबर के सुबह प्रबल चक्रवात के रूप में तट पार करने की संभावना है। प्रदेश में इसके प्रभाव से बादल छाए रहने, तापमान में गिरावट, न्यूनतम तापमान में वृद्धि और हवा की गति में वृद्धि होने की संभावना रहेगी। दाना तूफान के प्रभाव से दक्षिण छत्तीसगढ़ तथा ओड़िशा से लगे जिलों में वर्षा की संभावना ज्यादा है।




#### 110 किमी की रफ्तार से चलेगी हवा

एचपी चन्द्रा के मुताबिक दाना तूफान जब अपने चरम में होगी उस समय हवा की अधिकतम गति 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना है। इसके कारण कल 23 अक्टूबर को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट संभावित है।


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने किया पथ संचलन



**भानपुरी।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वारा विजय उत्सव के शुभ अवसर पर रविवार को ग्राम करंदोला भानपुरी के राष्ट्रीय राजमार्ग में पथ संचलन किया गया। शस्त्र पूजन के साथ तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में दूर-दराज से स्वयं सेवकों ने भाग लिया। पथ संचलन के दौरान पुष्प वर्षा भी किया गया। कार्यक्रम का आयोजन तहसील परिसर में संपन्न हुआ। जहां मुख्य वक्ता राजबहादूर सिंह राणा थे।

### ब्रह्मांड के विषय में विद्यार्थियों को दी जानकारी



जगदलपुर। आदेश्वर पब्लिक स्कूल में मंगलवार को 3 डी प्लैनेटेरियम शो डोम के अंदर ब्रह्मांड विज्ञान के माध्यम से बच्चों को संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों को ब्रह्मांड विज्ञान के अंतर्गत पृथ्वी का निर्माण और विकास, त्रासिक काल, मून जर्नी, अलौकिक पृथ्वी, चॉकलेट ग्रह की खोज, आकाशगंगा के आठ रूप, विचित्र चंद्रमा इन सभी के बारे में तारामंडल के माध्यम से जानकारी प्रदान कर महसूस कराया गया कि वे ब्रह्मांड की यात्रा कर रहे हैं। इस प्लेनेटेरियम शो में विद्यालय की प्राचार्य बलवीर कौर एवं सभी बच्चे तथा स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### चैट जीपीटी के माध्यम से बनाया जा रहा है शिक्षा को सशक्त

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्ग दर्शन में चैट जीपीटी उन्नत भाषा मॉडल के माध्यम से शिक्षा को सशक्त बनाया जा रहा है। जिसके लिए जयंत नाहटा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के द्वारा जनवरी 2024 में दंतेवाड़ा ब्लॉक के सभी शिक्षकों के लिए चैट जीपीटी मॉडल की मूलभूत जानकारी प्रदाय करने के उद्देश्य से 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सभी शिक्षकों को एआई तकनीक से परिचित कराते हुए उनकी शैक्षणिक दक्षताओं में वृद्धि करते हुए शैक्षणिक कार्यों में चैट जीपीटी का उपयोग को बढ़ावा देना। माह जनवरी में प्रारंभिक सफलता के बाद माह अक्टूबर 2024 में इस पहल को दंतेवाड़ा जिले के समस्त विकासखण्ड दंतेवाड़ा,गीदम, कुआकोंडा और कटेकल्याण में भी लागू किया गया। इस दौरान उन्नत जीपीटी 4.0 वॉयस माडल का उपयोग किया गया। इस मॉडल के उपयोग से शिक्षकों और छात्रों के बीच व्यापक समन्वय स्थापित करने में सफलता प्राप्त हुई।

इस प्रशिक्षण से शिक्षकों को चैट जीपीटी मॉडल से जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ।

चैट जीपीटी की पहल ने क्षेत्र में प्रमुख शैक्षिक चुनौतियों का समाधान किया है। इस कार्यक्रम का मुख्य रूप से नेतृत्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के साथ-साथ डीएमसी हरीश गौतम एवं आशीष मांझी जीपीटी ट्रेनर का बहुमूल्य सहयोग प्राप्त हुआ।

# पीएमश्री विद्यालयों में हुई जिला स्तरीय बौद्धिक प्रतियोगिताएं

### विद्या वैभव (ओलम्पियाड), मंथन-मंडल (वाद-विवाद), डिजिटल क्वेस्ट एवं डिस्कवर एण्ड लर्न प्रतियोगिताएं शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर के आदेश अनुसार दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कुमार विश्वरंजन के मार्गदर्शन में दंतेवाड़ा जिले के पीएमश्री विद्यालयों का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण संचालित जावांगा गीदम में 21 से 22 अक्टूबर तक किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के पूर्व पीएमश्री विद्यालयों में विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता 14 एवं 15 अक्टूबर को आयोजित किया गया था। विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में सम्मिलित किया गया।



जिला शिक्षा अधिकारी दंतेवाड़ा एसके अंबस्ता, जिला मिशन समन्वयक हरीश गौतम, पीएमश्री विद्यालयों के सहायक नोडल कमल कर्मकार, एकलव्य विद्यालय की उपप्राचार्य वृषभान खांडेकर ने दो दिवसीय जिला स्तरीय पीएमश्री विद्यालयों की प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। जिला शिक्षा अधिकारी एसके अंबस्ता ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से निश्चित रूप से जिले के बच्चों के समग्र विकास हेतु लाभदायक होगा, बच्चों में रचनात्मक एवं नवाचार की प्रवृत्ति में वृद्धि होगी। वाद विवाद प्रतियोगिता, कबाड़ से जुगाड़, डिजिटल क्वेस्ट, गतिविधियों से उनमें टीमवर्क एवं नेतृत्व की क्षमता का विकास होगा। बच्चे स्मार्ट टीवी का उपयोग कर पा रहे हैं, जो कि दंतेवाड़ा जिले के लिए बहुत ही आवश्यक है।

इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग कक्षा 3री से 8वीं तक एवं सीनियर वर्ग में 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए विद्या वैभव (ओलम्पियाड), मंथन-मंडल (वाद-विवाद), डिजिटल क्वेस्ट एवं डिस्कवर एण्ड लर्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक मंडल में राकेश मिश्रा, व्याख्याता, मुन्ना मरकाम कला शिक्षक एवं सीमा चौहान व्याख्याता रहे। कार्यक्रम के समापन में पीएमश्री विद्यालय सहायक नोडल कमल कर्मकार एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण की उपप्राचार्य खांडेकर के द्वारा प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में पीएमश्री विद्यालयों के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं शामिल थे।

### नल-जल योजना का रख-रखाव करेंगे पंचायत : कलेक्टर



**बीजापुर।** इन्द्रावती सभागार में कलेक्टर संबित मिश्रा ने सोमवार को ग्रामीण विकास की योजनाओं की समीक्षा की। जहां उन्होंने भारत सरकार की हर घर नल-जल योजना के सफल संचालन हेतु ग्राम पंचायत को रख-रखाव की जिम्मेदारी देते हुए नल में पानी की सप्लाई, स्वच्छता एवं सफाई के अलावा सोलर पैनल की मरम्मत संबंधी आवश्यक कार्यवाही करने जनपद सीईओ सहित ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया। आयोजित बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमन्त रमेश नंदनवार ने मनरेगा, पीएम आवास, एनआरएलएम और स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति से अवगत कराया। प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, ब्लॉक समन्वयक को जिले में पूर्ण आवासों को दीपावली के पावन पर्व पर गृह प्रवेश कराने निर्देश दिए। साथ ही नये स्वीकृत आवासों के जल्द भूमिपूजन किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने निर्देश दिए। बैठक में जिला स्तर पर योजना के शाखा प्रभारी, जनपद सीईओ सहित ब्लॉक स्तर के योजनाओं में कार्य करने वाले अधिकारी सहित तकनीकी अमले के अलावा ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

# शहीद जवानों को याद कर मनाया गया स्मृति दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट् प्रिंग इलाके के करम सिंह के नेतृत्व में 21 जवान इस वीरान व दुर्गम जगह पर पेट्रोलिंग ड्यूटी पर थे। तभी चीनी सैनिकों ने अपने स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी कर हमारे गश्ती दल पर हमला बोल दिया। कठिन परिस्थितियों के बावजूद केन्द्रीय रिवर्ज पुलिस बल की इस कर्मठ गश्ती दल ने अपने से कई गुना संख्या वाले उन्नत हथियारों से लैस व प्रशिक्षण प्राप्त चीनी फौज का डटकर मुकाबला किया। हमारे जवानों के पास जब तक उनकी राइफलों में एक भी गोली बाकी थी, दुश्मन से लड़ते रहे। इस कार्यवाही में 10 जवान शहीद हो गए। शहीद हुए जवानों को स्मरण करते हुए प्रत्येक वर्ष की भांति 222 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल नैमेड़, बीजापुर में सोमवार को भारत के विभिन्न राज्य पुलिस एवं केन्द्रीय पुलिस बलों में 1 सितंबर 2023 से 31 अगस्त 2024 तक शहादत को प्राप्त हुए जवानों को स्मरण किया गया। शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर सुबोध कुमार द्वितीय कमान अधिकारी व कुमार ओमप्रकाश, ललित किशोर उप कमाण्डेन्ट, डॉ. राखी राज वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं जवान इस मौके पर मौजूद रहे।

# शिक्षक ने कराया न्यौता भोज

**छात्रों के साथ जमीन पर बैठकर नेता-अधिकारी, पालक ने किया भोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

शिक्षा के स्तर में सुधार आये, ट्राइबल क्षेत्र के बच्चे रुचि से स्कूलों में आकर पढ़ाई करें। इस कॉन्सेप्ट को लेकर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने न्यौता भोज जैसे आयोजन को स्कूलों में करने को कहा। दरअसल न्यौता भोज में कोई भी क्षेत्र का जनप्रतिनिधि, पत्रकार, शिक्षक या बच्चों के पालक न्यौता भोज करवा सकते है। आज श्यामगिरी संकुल के कोटवारपारा के प्रधान पाठक सुधीर चौहान ने स्कूल में न्यौता भोज का भव्य आयोजन किया। जिसमें जनप्रतिनिधियों में अनोज भदौरिया, सुमित भदौरिया, बीईओ वीणा गौतम स्कूल के 50 छात्र,10एसएमसी सदस्य व छात्रों के पालक और जनप्रतिनिधियों के साथ जमीन पर बैठकर भोजन किये। न्यौता भोज आयोजन को लेकर भाजपा नेता सुमित भदौरिया ने कहा कि यह आयोजन अपने आप में विशेष महत्व रखता है। ऐसे आयोजनों में सभी पहुंचते है, तो शाला की पढ़ाई से लेकर अन्य व्यवस्था पर भी चर्चा होती है।



# दरभा मंडल में सक्रिय सदस्यता अभियान का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

भाजपा का सदस्यता अभियान लगातार जारी हैं, प्राथमिक सदयस्ता अभियान से पार्टी अब सक्रिय सदस्यता अभियान शुरू कर रही हैं। इसी सिल-सिले में आज भाजपा मंडल दरभा की बैठक सामुदायिक भवन कामानार में आयोजित की गई।

जहां कार्यकर्ताओं के बीच जिला सदस्यता अभियान संयोजक योगेंद्र पाण्डे एवं जिला महामंत्री रामाश्रे सिंह सम्मिलित हुए, जिन्होंने मंडल अध्यक्ष फूलसिंह सेठिया मंडल महामंत्री पीडी हरीश, पंचायत प्रकोष्ठ अध्यक्ष दरभा मंडल गागरा राम नाग, जनपद उपाध्यक्ष अनंत राम कश्यप, मिडिया प्रभारी सुरेश सिंह को अपने उपस्थिति में सक्रिय सदस्यता फार्म भरवाया। गौरतलब हैं कि दरभा मंडल में 61 पोलिंग बूथ हैं, और प्रत्येक बूथ में कम से कम 2 सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं। सक्रिय सदस्य बनने वाले सदस्य को अलग-अलग संख्या में प्राथमिक सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया हैं। एक सामान्य कार्यकर्ता को सक्रिय कार्यकर्ता बनने के लिए कम से कम 100 प्राथमिक सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया हैं, इस तरह से पार्टी की सदस्यता अभियान जिसे पार्टी की ओर से सदस्यता महापर्व का नाम दिया गया है, आगे बढ़ रही हैं। आगामी पंचायत चुनाव को देखते हुए पार्टी विशेष रूप से अपने कार्यकर्ताओं को तैयार कर रही हैं। आज के बैठक में दुर्जन कश्यप, महेश बघेल, दलपत राय, नकुल सिंह ठाकुर, डुंडुल नाग, नारायण, रामसिंह नाग, नानी राम कश्यप के साथ अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहें।



# सर्वदलीय पार्षद दल ने कलेक्टर से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा दक्षिण बस्तर की बरसो पुरानी एवं अत्यंत महत्वपूर्ण मांग मेडिकल कॉलेज निर्माण की घोषणा गीदम में करने हेतु की गई थी, जिसके लिए कई बार नगर पंचायत अध्यक्ष साक्षी रवीश सुराना, पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष विमल सुराना एवं समस्त जनप्रतिनिधियों के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव से निवेदन किया गया था। जिसके परिणाम स्वरुप मेडिकल कॉलेज गीदम में निर्माण की घोषणा विधानसभा के बजट सत्र में होने से गीदम नगर सहित बीजापुर जिला, नारायणपुर जिला, सुकमा जिला के निवासी हर्षित थे।

गीदम नगर कई जिलों के केंद्र बिंदु होने के कारण पूर्व मुख्यमंत्री ने भी मेडिकल कॉलेज निर्माण हेतु गीदम को चुना था। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि मिली जानकारी अनुसार मेडिकल कॉलेज निर्माण गीदम के स्थान में ग्राम पंचायत चितालंका, जनपद पंचायत दंतेवाड़ा में किए जाने की खबर मिली है। जिस हेतु नगर पंचायत अध्यक्ष साक्षी रवीश सुराना के नेतृत्व में नगर पंचायत गीदम के उपाध्यक्ष मनकूराम लेकामी सहित पार्षदगण एवं जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर से मुलाकात की।



सुराना ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री के घोषणा अनुरूप मेडिकल कॉलेज गीदम क्षेत्र में खुलना चाहिए, जिससे दंतेवाड़ा जिला सहित बीजापुर, नारायणपुर, सुकमा सहित नदी उस पार के ग्रामीण जनों को इसका लाभ प्राप्त होगा। जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में पूर्व से ही जिला अस्पताल में चिकित्सा संबंधित सभी सेवाएं उपलब्ध हैं, जिसका लाभ कुआकोंडा, कटेकल्याण सहित आस-पास के लोगों को मिल रहा हैं। उन्होंने अपने तर्क में कहा कि मेडिकल कॉलेज हेतु हमारे द्वारा कई बार पूर्व में मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री को पत्राचार करते हुए गीदम नगर में स्वीकृति हेतु विशेष प्रयास किया गया था, यदि यह मेडिकल कॉलेज गीदम नगर के अलावा अन्यत्र स्थान में खुलता है तो बीजापुर, अबूझमाड़ सहित नारायणपुर जिले के ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ेगी। इससे वो काफी दुखी और आहत महसूस करेंगी।

उपाध्यक्ष मनकुराम लेकामी सहित पार्षद दल ने कहा कि मेडिकल कॉलेज जिस स्थान के लिए घोषित हैं, उसे वहीं बनाया जाना चाहिए। गीदम पूरे क्षेत्र का केंद्र बिंदु है, गीदम राष्ट्रीय राजमार्ग क्षेत्र में कई ऐसे स्थान हैं, जहां मेडिकल कॉलेज के लिए जमीन आसानी से प्राप्त हो सकता है। हम जन प्रतिनिधि जमीन दिलाने हेतु प्रशासन का पूरा सहयोग करने को तैयार हैं, किंतु इस प्रकार स्वास्थ्य सुविधा को गीदम के अलावा कही और बनाया जाता है तो क्षेत्रवासियों के लिए बहुत बड़ी क्षति होगी। प्रतिनिधि मंडल में पार्षद खिलावन सागर, शेख सिराजुद्दीन, शोएब रिजवी, अवधेश गुप्ता, नरेंद्र सुराना, रमेश डागा, सुनील जैन, शिववीर सिंह चौहान सहित जनप्रतिनिधि शामिल थे।

# तुरपुरा में हुआ बाल संदर्भ योजना कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

आयुष विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में तुरपुरा में एकदिवसीय बाल संदर्भ योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें डॉ. हेमंत यादव के द्वारा बालिका एवं महिलाओं को पर्सनल हाइजिन और खून की कमी और उससे बचाव के उपाय बताए गए एवं दिनचर्या स्वस्थ वृत्त की जानकारी दी गयी।

इसमें महिला एवं बाल विकास विभाग सुपरवाइजर रामेश्री साहू एवं सेक्टर सुपर वाईजर मालती नेताम समेत मितानिनों का विशेष सहयोग रहा। इसमें कुल 35 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। गंभीर बच्चों को एनआरसी भानपुरी ले जाने के लिए प्रेरित किया गया।




सातवीं पुण्यतिथि



15 जनवरी 1954 - 23 अक्टूबर 2017

स्व. राजेंद्र नाथ पाणिग्रही

पिता प्रेम के प्रतिबिंब हैं। करूणा के प्रतिमूर्ति हैं। संस्कारों के कृति हैं।

आपके अनुगामी

श्रीमती जननी पाणिग्रही (पत्नी)
हेमंत पाणिग्रही (पुत्र), डॉ. तुषार पाणिग्रही (पुत्र), प्रमोद पाणिग्रही (पुत्र)
पायल पाणिग्रही (पुत्री) श्रीमती रीना पाणिग्रही (पुत्रवधु),
श्रीमती डॉली पाणिग्रही (पुत्रवधु) दक्षांश पाणिग्रही (पौत्र), कुवैरा पाणिग्रही (पौत्री)
आद्विका पाणिग्रही (पौत्री), रेवा पाणिग्रही (पौत्री), एवं समस्त पाणिग्रही परिवार

संबंधित प्रतिष्ठान
- दक्षम सीड्स प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरु
- ग्रीजमो एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली
- टीवीआर एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर
- राजेन्द्र-जननी फाउंडेशन, जगदलपुर

जननी
म. क्र. 09 घाटपदमुर, भाटागुड़ा,
कुड़कानार मार्ग जगदलपुर
(बस्तर), छत्तीसगढ़